दिन– मंगलवार दिनांक– 21 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में लगभग छप्पन प्रतिशत मतदान।

02. लोकसभा चुनाव के छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराजगंज और मोतिहारी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

03. पटना समेत प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश होने से लोगों भीषण गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग ने आज अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

04. और, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अलग–अलग सड़क हादसों में बीस लोगों की मौत, कई घायल।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में लगभग छप्पन प्रतिशत मतदान हुआ है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने बताया कि यह अनुमानित आंकड़ा है और इसमें बढ़ोतरी की संभावना है।

–––बाईट–––

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक मुजफ्फरपुर में अट्ठावन दशमलव एक शून्य प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, सीतामढ़ी में सत्तावन दशमलव पांच पांच, हाजीपुर में छप्पन दशमलव आठ चार, सारण में चौवन दशमलव पांच शून्य और मधुबनी में बावन दशमलव दो शून्य प्रतिशत मतदान हुआ है। पांचवें चरण के मतदान के बाद राज्य के चालीस में से चौबीस लोकसभा क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हो गया। छठे चरण का मतदान पच्चीस मई को जबकि सातवें और अंतिम चरण का मतदान एक जून को होगा। मतों की गिनती चार जून को होगी।

---

प्रदेश में छठे और सातवें चरण के लिए चुनाव प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने उम्मीदवारों के लिए समर्थन जुटाने में लगातार चुनावी सभा, रैली और रोड–शो कर रहे हैं।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत गोरियाकोठी और पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी इन दोनों जनसभाओं में पूर्वी चम्पारण से राधामोहन सिंह, पश्चिमी चम्पारण से संजय जायसवाल, महाराजगंज से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, शिवहर से लवली आनंद, और सीवान से विजयलक्ष्मी देवी के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील करेंगे। इधर, कल पटना पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री ने भाजपा के दिवंगत नेता सुशील कुमार मोदी के राजेन्द्र नगर स्थित आवास जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। बाद में उन्होंने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

———————————————————

भाजपा की वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज पटना में विशेष चुनाव संपर्क अभियान के तहत उद्योगपतियों और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करेंगी। वे इस दौरान केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा भी करेंगी। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज पूर्वी चंपारण के सुगौली में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगे। बाद में उनका रक्सौल बाजार में एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में रोड–शो करने का कार्यक्रम है। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी आज सीवान, वाल्मीकिनगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर और वैशाली लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

———————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात सासाराम लोकसभा सीट की। सासाराम बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां सातवें और अंतिम चरण में एक जून को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

अफगान शासक शेरशाह सूरी के मकबरा और हिंदुओं की आस्था के केंद्र मां मुंडेश्वरी धाम के लिए प्रसिद्ध सासाराम की एक अलग सियासी पहचान है। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस लोकसभा सीट पर दशकों तक कांग्रेस का दबदबा रहा। दिग्गज कांग्रेसी नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम ने 8 बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। बाद में उनकी पुत्री और पूर्व लोकसभाध्यक्ष मीरा कुमार भी 2 बार कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से निर्वाचित हुईं। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में इस सीट से भाजपा के छेदी पासवान जीतते रहे। लेकिन इस बार पार्टी ने उनकी जगह शिवेश राम को उम्मीदवार बनाया है। वे भाजपा के कद्दावर नेता मुनी लाल के पुत्र हैं, जिन्होंने लगातार तीन चुनावों में इस सीट पर जीत दर्ज की थी। शिवेश राम पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वे भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। उनके सामने हैं विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस के मनोज कुमार। मनोज कुमार ने अपनी राजनीति की शुरुआत बहुजन समाज पार्टी से की थी और पिछले लोकसभा चुनाव में वे तीसरे स्थान पर रहे थे। चुनाव मैदान में 10 उम्मीदवार हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा के भाजपा के शिवेश राम और कांग्रेस के मनोज कुमार के ही बीच माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो चौनपुर सीट पर जद यू का कब्जा है। वहीं, मोहनिया, भभुआ और सासाराम पर राजद तथा चेनारी और करगहर विधानसभा सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। हालांकि पिछले दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजद का दामन छोड़ भाजपा के साथ सरकार बनाने के दौरान मोहनिया से राजद विधायक संगीता कुमारी, भभुआ से राजद विधायक भरत बिंद और चेनारी से कांग्रेस विधायक मुरारी प्रसाद गौतम भाजपा में शामिल हो गए। कृषि प्रधान सासाराम संसदीय क्षेत्र में किसानों की समस्याएं हर चुनाव में प्रमुख मुद्दा के रूप में उभरकर सामने आता है। हरेक प्रत्याशी किसानों की समस्याओं को लेकर मुखर होने का दावा करते हैं। वहीं, इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद विश्व स्तरीय पर्यटकीय सुविधाओं का विकास नहीं हो पाना भी एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है। हालांकि हर चुनाव में स्थानीय मुद्दों पर राष्ट्रीय मुद्दे भारी पड़ते रहे हैं और इस लोकसभा चुनाव भी कुछ ऐसी ही स्थिति दिखती है। भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम जहां मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों के बीच जा रहे हैं वहीं कांग्रेस उम्मीदवार पार्टी के घोषणा पत्र में किए गए वायदों के आधार पर गोलबंदी में जुटे हैं। यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के 19 लाख से अधिक मतदाता किस प्रत्याशी पर अपना भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए सासाराम संसदीय क्षेत्र से मैं श्रीकांत पांडेय।

---

भारत ने ईरान के राष्ट्रपति डॉक्टर सैयद इब्राहिम रईसी की विमान दुर्घटना में मृत्यु पर आज एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दुर्घटना में विदेश मंत्री हुसैन आमिर अब्दुल्लहैंयान की भी मौत हो गयी। राष्ट्रीय शोक के तहत देशभर में सभी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस दौरान कोई भी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

---

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में अचानक आये बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आज सुबह राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि पटना, भोजपुर, अरवल, नालंदा, नवादा और गया जिले में सुबह से ही तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। गया के खिजरसराय रोड पर तेज आंधी–तूफान के कारण विशाल पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय सिस्टम के सक्रिय होने के कारण प्रदेश के विभिन्न भागों में नमी युक्त हवा का प्रवाह हो रहा है। जिसके कारण बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना बनी हुयी है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात की भी आशंका है।

———बाईट———

विभाग के अनुसार प्रदेश में छब्बीस मई तक बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बनी रहेगी।

---

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के दिशा–निर्देशों में बदलाव किया है। संशोधित नियमों के अनुसार अब किसी मरीज में टीबी की पुष्टि होने के तत्काल बाद उसके बैंक खाते में एक हजार पांच सौ रूपये जमा किये जायेंगे। यह राशि मरीज को पौष्टिक भोजन के लिए दी जाएगी। इलाज शुरू होने के चौरासी दिनों के बाद दूसरी किस्त के रूप में एक हजार पांच सौ रूपये दोबारा जमा किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त अगर मरीज का इलाज छह महीने से अधिक चलता है तो पांच सौ रूपये प्रतिमाह मरीज के खाते में भेजे जायेंगे।

---

बेगूसराय जिले के सिमरिया धाम गंगा घाट में नहाने के दौरान डूबने से पांच युवकों की मौत हो गयी। हमारे संवाददाता ने बताया कि मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल हैं। मृतकों की पहचान बरौनी निवासी रोहित, बाबू साहेब, फुलवरिया निवासी कर्तव्य, अजय और ओम मिश्र के रूप में हुयी है। सभी की उम्र सत्रह वर्ष से इक्कीस वर्ष के बीच बताई जाती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है।

---

प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुए सड़क हादसों में बीस लोगों की मौत हो गयी, जबकि कई अन्य घायल हो गये। नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिकाबिगहा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं, कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र स्थित गोंदवारा में हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि एक ऑटो–रिक्शा के हाइवा की चपेट में आने से यह हादसा हुआ। घायलों का कोढ़ा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज चल रहा है। इधर, बेगूसराय जिले के रिफाईनरी थाना क्षेत्र में एक ऑटो–रिक्शा और मोटरसाईकिल के बीच हुई सीधी टक्कर में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। इस हादसे में ऑटो–रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, भोजपुर, अररिया, कैमूर, खगड़िया, बांका और भागलपुर जिले के अलग–अलग हिस्सों में हुयी सड़क दुर्घटनाओं में दो–दो लोगों की मौत की खबर है। दूसरी तरफ, जहानाबाद में हुए सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत हो गयी।

---

पूर्वी चंपारण जिले के छतौनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ा बरियारपुर से पुलिस ने एक हथियार तस्कर को यूएस मॉडल पिस्तौल और बीस कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर बेगूसराय जिले के रघुनाथपुर का रहने वाला है।

---

नालंदा की एक अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में एक दोषी को उम्र कैद और बीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

भारत की दीप्ति जीवनजी ने जापान में आयोजित विश्व पैरा एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में चार सौ मीटर टी–ट्वेंटी दौड़ में विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। दीप्ति ने पचपन दशमलव शून्य–सात सेकंड में दौड़ पूरी करते हुए पेरिस पैरालंपिक का टिकट भी प्राप्त कर लिया है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पांचवें चरण के मतदान से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है– बिहार की पांच सीटों पर पचपन दशमलव आठ–पांच फीसदी वोटिंग हुई। मतदान में पांचवां चरण भी नहीं खींच पाया बड़ी लकीर।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– सप्ताह गुजरते दूसरी बार बिहार पहुंचे पीएम, आज दो सभा।

**दैनिक भास्कर** ने मौसम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है– कोसी और सीमांचल में बारिश, हीट–वेव से राहत, तीन दिन नहीं बढ़ेगा पारा।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– नीट पेपर लीक मामले में बारह आरोपियों से ईओयू ने की पूछताछ, भेजे गए जेल।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है– छत्तीसगढ़ के कबीर धाम में वाहन के घाटी में गिरने से उन्नीस की मौत।

**दैनिक आज** ने लिखा है– अनंत सिंह की पैरोल खत्म, बेऊर जेल पहुंचे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों में लगभग छप्पन प्रतिशत मतदान।

02. लोकसभा चुनाव के छठे और सातवें चरण के लिए प्रचार तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराजगंज और मोतिहारी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

03. पटना समेत प्रदेश के कई स्थानों पर बारिश होने से लोगों भीषण गर्मी से मिली राहत। मौसम विभाग ने आज अधिकांश स्थानों पर आंधी–बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

04. और, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अलग–अलग सड़क हादसों में बीस लोगों की मौत, कई घायल।

---

**इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।**